# कश्मीर में केसर उत्पादन में गिरावट

## प्रिलिम्स के लिये:

**केसर, भौगोलिक संकेतक, नॉर्थ ईस्ट सेंटर फॉर टेक्नोलॉजी एप्लीकेशन एंड रीच।**

## मेन्स के लिये:

सरकारी नीतियाँ और हस्तक्षेप, केसर की खेती और इसका महत्त्व।

स्रोत: डाउन टू अर्थ

## चर्चा में क्यों?

विश्व के सबसे महँगे मसाले के उत्पादन के लिये प्रसिद्ध **कश्मीर में केसर के खेत सीमेंट कारखानों के अतिक्रमण के कारण** गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं।

- 11-12 टन के औसत वार्षिक उत्पादन के साथ, **ईरान** के बाद **विश्व का दूसरा सबसे बड़ा केसर उत्पादक** होने के बावजूद, क्षेत्र का केसर व्यवसाय घट रहा है, जिससे स्थानीय किसानों के लिये आर्थिक समस्याएँ उत्पन्न हो रही हैं।

## केसर उत्पादन में गिरावट के लिये कौन-से कारक योगदान देते हैं?

- **सीमेंट कारखानों से निकटता:**
  - केसर के खेतों के नज़दीक स्थित सीमेंट कारखाने **बड़ी मात्रा में धूल** उत्सर्जित करते हैं, जिससे केसर की उपज की **गुणवत्ता और मात्रा** दोनों को नुकसान पहुँचता है।
    - पुलवामा में केसर के खेतों में सीमेंट प्रदूषण के कारण **पिछले 20 वर्षों में केसर की खेती में 60% की गिरावट देखी गई है।**
- **सीमेंट की राख का प्रभाव:**
  - नाइट्रोजन ऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड और कार्बन मोनोऑक्साइड जैसी हानिकारक गैसों वाली सीमेंट की राख से **नाज़ुक केसर के फूलों पर प्रतिकूल प्रभाव** पड़ता है।
  - बड़ी मात्रा में सीमेंट की राख के परिणामस्वरूप पत्तियों में **क्लोरोफिल अवरुद्ध रंध्र** (पौधे के ऊतकों में छोटे छिद्र जो गैस विनिमय की अनुमति देते हैं) में कमी आती है, प्रकाश अवशोषण और गैस प्रसार बाधित होता है, जिससे **पत्तियाँ जल्दी गिर जाती हैं तथा परिणामस्वरूप विकास रुक जाता है।**
    - सीमेंट की राख केसर के रंग के लिये ज़िम्मेदार **क्रोसिन सामग्री पर नकारात्मक प्रभाव डालती है, जिससे कश्मीरी केसर के रंग, औषधीय गुण और कॉस्मेटिक** लाभ प्रभावित होते हैं।
- **पर्यावरणीय कारक:**
  - जलवायु परिवर्तन, अप्रत्याशित वर्षा और आवास एवं उद्योगों के लिये भूमि परिवर्तन के कारण केसर का उत्पादन कम हो गया है।
    - जुताई के लिये मशीनों का उपयोग भी केसर की खेती को प्रभावित करता है जो अनुकूल जलवायु पर अत्यधिक निर्भर है।
- **सरकारी हस्तक्षेप की कमी:**
  - किसानों ने पर्यावरण संबंधी चिंताओं का हवाला देते हुए वर्ष 2005 से केसर के खेतों के पास **सीमेंट कारखानों की स्थापना का विरोध किया** है।
    - विरोध और अपील के बावजूद, अधिकारियों ने केसर की खेती के करीब सीमेंट उद्योगों को संचालित करने की अनुमति दे दी है।
- **बाज़ार की चुनौतियाँ:**
  - केसर किसानों को वित्तीय चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि इससे **मसाला बाज़ार प्रभावित** हो रहा है।
    - किसान कीमतों, मात्रा और गुणवत्ता में गिरावट पर चिंता व्यक्त करते हैं, जिससे उद्योग का भविष्य अंधकारमय हो गया है।

## कश्मीरी केसर से संबंधित मुख्य तथ्य क्या हैं?

- **केसर का उत्पादन तथा कीमत:**
  - केसर का उत्पादन लंबे समय से केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के एक निर्धारित भौगोलिक क्षेत्र तक ही सीमित रहा है।
    - भारत में **पंपोर क्षेत्र** जिसे आमतौर पर **कश्मीर के केसर के कटोरे** के रूप में जाना जाता है, केसर उत्पादन में मुख्य योगदानकर्त्ता है।
  - केसर फूल **(क्रोकस सैटिवस L)** के **वर्तिकाग्र (Stigma) (नर जनन अंग)** से निकाले गए केसर मसाले को कश्मीरी में कोंग, उर्दू में ज़ाफरान तथा हिंदी में केसर के रूप में जाना जाता है।
    - कश्मीरी केसर की कीमत बहुत अधिक है जो 3 लाख रुपए प्रति किलोग्राम पर बेचा जाता है।
    - एक ग्राम केसर लगभग 160-180 फूलों से प्राप्त होता है जिसके लिये व्यापक श्रम की आवश्यकता होती है।



//

- **सीज़न:**
  - भारत में केसर कॉर्म (बीज) की खेती **जून तथा जुलाई के महीनों** के दौरान एवं कुछ क्षेत्रों में **अगस्त व सितंबर** में की जाती है।
  - इसमें अक्तूबर में फूल आना शुरू हो जाता है।
- **कृषि की परिस्थितियाँ:**
  - **ऊँचाई: समुद्र तल से 2000 मीटर की ऊँचाई** केसर की खेती के लिये अनुकूल होती है। इसे **12 घंटे की** फोटोपीरियड **(सूर्य का प्रकाश)** की आवश्यकता होती है।
  - **मृदा:** इसे अलग-अलग प्रकार की मृदा में उगाया जा सकता है किंतु **कैलकेरियस** (वह मिट्टी जिसमें प्रचुर मात्रा में कैल्शियम कार्बोनेट होता है) एवं **ह्यूमस युक्त तथा सु-अपवाहित मृदा,** जिसका pH 6 और 8 के बीच हो, में केसर का अच्छा उत्पादन होता है।
  - **जलवायु:** केसर की खेती के लिये एक **उपयुक्त गर्मी और सर्दियों वाली जलवायु** की आवश्यकता होती है, जिसमें गर्मियों में तापमान **35 या 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक न हो** तथा **सर्दियों में लगभग -15 या -20 डिग्री सेल्सियस** के बीच रहता हो।
  - **वर्षा:** इसके लिये पर्याप्त वर्षा की आवश्यकता होती है यानी प्रतिवर्ष 1000-1500 मिमी. है।
- **क्रोसिन की मात्रा तथा रंग:**
  - **कश्मीरी केसर में 8% क्रोसिन** होता है जबकि इसकी अन्य किस्मों में यह 5-6% होता है।
- **कश्मीरी केसर के लाभ:**
  - यह रक्तचाप को कम करने, अरक्तता, माइग्रेन का इलाज करने तथा अनिद्रा में सहायता करने जैसे **औषधीय गुणों** के लिये जाना जाता है।
  - इसमें **सौंदर्य प्रसाधन संबंधी लाभ** भी होते हैं जिसके इस्तेमाल से त्वचा की गुणवत्ता बढ़ती है एवं रंजकता व धब्बे कम होते हैं।
  - यह **पारंपरिक व्यंजनों** का अभिन्न अंग रहा है तथा इसका व्यापक रूप से पेय पदार्थों, मिष्टान्न, डेयरी उत्पादों एवं खाद्य रंगों में उपयोग किया जाता है।
- **मान्यता:**

- वर्ष 2020 में केंद्र सरकार ने कश्मीर घाटी में उगाए जाने वाले केसर को**भौगोलिक संकेतक (Geographical Indication- GI) प्रमाणन** प्रदान किया।
- कश्मीर की केसर विरासत **विश्व स्तर पर महत्त्वपूर्ण कृषि विरासत प्रणालियों (Globally Important Agricultural Heritage systems- GIAHS)** में से एक है।
  - GIAHS कृषि पारिस्थितिकी तंत्र हैं जहाँ समुदाय अपने क्षेत्रों के साथ परस्पर संबंध बनाए रखते हैं। **कृषि जैवविविधता, पारंपरिक ज्ञान तथा सतत् प्रबंधन** द्वारा चिह्नित इन स्थिति-स्थापक क्षेत्रों में किसान, चरवाहे, मछुआरे तथा वन में जीवन व्यतीत कर रहे लोग शामिल होते हैं जो आजीविका व खाद्य सुरक्षा में योगदान करते हैं।
  - **संयुक्त राष्ट्र** के **खाद्य एवं कृषि संगठन** ने अपने GIAHS कार्यक्रम के माध्यम से विश्व भर में 60 से अधिक ऐसे क्षेत्रों को मान्यता प्रदान की है।

## केसर उत्पादन को बढ़ावा देने के लिये भारत में पहल

- **राष्ट्रीय केसर मिशन (National Saffron Mission- NSM):**
  - NSM को जम्मू और कश्मीर में केसर की कृषि का समर्थन करने के लिये वर्ष 2010-11 में लॉन्च किया गया था। यह मिशन**राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (RKVY)** का हिस्सा था और इसका उद्देश्य कश्मीर में रहने वाले लोगों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार करना था।
- **नॉर्थ ईस्ट सेंटर फॉर टेक्नोलॉजी एप्लीकेशन एंड रीच (NECTAR):**
  - यह भारत सरकार के **विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग** के तहत एक स्वायत्त निकाय है, जिसने **भारत के उत्तर पूर्व क्षेत्र में समान गुणवत्ता एवं उच्च मात्रा** के साथ **केसर के उपज** की व्यवहार्यता का पता लगाने के लिये एक प्रमुख परियोजना का समर्थन किया है।

## आगे की राह

- केसर के खेतों पर सीमेंट कारखानों के प्रभाव को कम करने के लिये **सख्त पर्यावरण नियमों** को पारित कर लागू करने की आवश्यकता है।
  - केसर की खेती वाले क्षेत्रों के आस-पास **प्रदूषण** में योगदान देने वाले **उद्योगों के लिये नियमित निगरानी और जुर्माना** सुनिश्चित की जानी चाहिये।
- चिंताओं को दूर करने और स्थायी समाधान खोजने के लिये **सरकार तथा केसर उत्पादकों के बीच सहयोग** को सुविधाजनक बनाने की आवश्यकता है।
- आय के वैकल्पिक स्रोतों की पेशकश करते हुए, **केसर किसानों की आजीविका में विविधता लाने की पहल का समर्थन** करने की आवश्यकता है।
- केसर की कृषि में **अनुसंधान और विकास** के लिये धन आवंटित किया जाना चाहिये, पर्यावरणीय चुनौतियों के प्रति केसर के संधारणीय किस्मों के विकास पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।
  - ऐसी **तकनीक में निवेश** किया जाना चाहिये जो **केसर की फसलों पर प्रदूषकों के प्रभाव को कम करे** , **सतत् विकास सुनिश्चित** करे और **गुणवत्ता बनाए** रखे।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

**??????????:**

**Q1. FAO, पारंपरिक कृषि प्रणालियों को सार्वभौम रूप से महत्त्वपूर्ण कृषि विरासत प्रणाली (Globally Important Agricultural Heritage System- GIAHS)' की हैसियत प्रदान करता है। इस पहल का संपूर्ण लक्ष्य क्या है? (2016)**

1. अभिनिर्धारित GIAHS के स्थानीय समुदायों को आधुनिक प्रौद्योगिकी, आधुनिक कृषि प्रणाली का प्रशिक्षण एवं वित्तीय सहायता प्रदान करना जिससे उनकी कृषि उत्पादकता अत्यधिक बढ़ जाए।
2. पारितंत्र-अनुकूली परम्परागत कृषि पद्धतियाँ और उनसे संबंधित परदृश्यों (लैंडस्केप), कृषि जैवविविधता तथा स्थानीय समुदायों के ज्ञानतंत्र का अभिनिर्धारण एवं संरक्षण करना।
3. इस प्रकार अभिनिर्धारित GIAHS के सभी भिन्न-भिन्न कृषि उत्पादों को भौगोलिक सूचक (जिओग्राफिकल इंडिकेशन) की हैसियत प्रदान करना।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (b)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/decline-of-saffron-production-in-kashmir